# इलाहाबाद विकास प्राधिकरण

पत्रांक : 117 / प्र0अ0(भवन) / जोन–1 / 2009–10 दिनांक 20/ 04 / 2016
01 / प्र0अ0(त0स0–2) / जोन–1 / 2015–16

## अनुमति-पत्र

यह अनुमति उ0प्र0 नगर नियोजन तथा विकास अधिनियम 1973 की धारा 14 व 15 के अर्न्तगत दी जाती है, किन्तु अर्थ यह न समझना चाहिये कि उस भूमि के सम्बन्ध में जिस पर **बजट होटल मानचित्र** स्वीकृत किया जा रहा है, इससे किसी प्रकार या किसी स्थानीय निकाय या इसका स्थानीय अधिकारी या व्यक्ति अथवा फर्म के मालिकाना अधिकारों पर किसी का कोई असर पड़ेगा अर्थात् यह अनुमति किसी के मिल्कियत या स्वामित्व के अधिकारों के विरूद्ध कोई प्रभाव न रखेगी।

**श्री शिवरतन अग्रवाल द्वारा भूखण्ड संख्या–5C/7, 5C/8 (पार्ट) नजूल साईट नं0–C-5 सिविल स्टेशन इलाहाबाद** जोन संख्या (1) के अर्न्तगत दाखिल प्रस्तावित बजट होटल मानचित्र की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय के अनुमोदनादेश दिनांक 08–04–2016 के द्वारा निम्नांकित प्रतिबन्धो के अधीन प्रदान की जाती है :–

1. उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 15ए (1) के प्राविधानो के अनुरूप पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् ही उपभोग / अधिभोग किया जायेगा, भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 मे उपविधि संख्या–2.1.8 एवं 3.1.8 मे निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।
2. यह स्वीकृति अनन्तिम (Provisional) स्वीकृति के रूप मे होगी। निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त, सभी आवश्यक Mandatory Clearances/N.O.C की शर्ते पूर्ण करने के पश्चात्, निर्गत किये जाने वाले 'पूर्णता प्रमाण–पत्र' प्राप्त करने के बाद ही इस परिसर को वास्तविक उपयोग मे लाया जा सकेगा।
3. स्थल पर 4X3 फिट का एक बोर्ड लगाकर प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र सम्बन्धी विवरण अंकित करना अनिवार्य होगा, जिसमें आर्किटेक्ट / इन्जीनियर के फर्म का नाम भी अंकित हो।
4. स्थल पर 05 अद्द वृक्ष लगाना होगा तथा वृक्षो को हरा–भरा रखने का दायित्व आवेदक का होगा।
5. स्थल पर निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही किया जाय, स्वीकृत मानचित्र में बेसमेन्ट एवं भूतल के अग्र भाग में पार्किंग, भूतल पर ही वैंक्वेट हॉल, प्रथम तल पर रेस्टोरेन्ट, द्वितीय तल, तृतीय तल एवं चतुर्थ तल पर Suits का निर्माण अनुमन्य किया जा रहा है। तद्नुसार ही निर्माण कार्य किया जाय।
6. भवन का निर्माण भूकम्परोधी मानको के आधार पर ही आवश्यक रूप से किया जाय। भवन की संरचना एवं सुरक्षा का दायित्व आवेदक का होगा।
7. रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली मानक के अनुसार पूर्ण कराते हुए भू–गर्भ जल विभाग से अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् ही जमा एफ0डी0आर0 अवमुक्त किया जायेगा।
8. **नगर आयुक्त, नगर निगम इलाहाबाद** की अनापत्ति पत्रांक : 893 / STCE/16 दिनांक 01.02.2016 में अंकित प्रतिबन्धो का पालन करना होगा **(छायाप्रति संलग्न)** ।
9. **मुख्य अग्नि शमन अधिकारी इलाहाबाद** की अनापत्ति पत्रांक :2016 / 19484 / इला0 / 181 / सीएफओ दिनांक 04.3.2016 में अंकित प्रतिबन्धो का पालन करना होगा **(छायाप्रति संलग्न)** ।

—2

20-4-16

